# करेंट अफेयर्स

## 25 अगस्त, 2022

## राष्ट्रीय

### 1. होमी भाभा कैंसर अस्पताल

**खबरों में क्यों** – पीएम मोदी ने पंजाब के मोहाली में होमी भाभा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन किया।

**प्रमुखबिंदु** –

- यह संगरूर में 100 बिस्तरों वाले अस्पताल के साथ कैंसर के इलाज के केंद्र की तरह काम करेगा।
- पीएम मोदी ने हरियाणा के फरीदाबाद में अमृता अस्पताल (600 बेड) का भी उद्घाटन किया।

**पंजाब में कैंसर** –

- पंजाब को भारत की कैंसर राजधानी कहा जाता है।
- कारण – दूषित पानी और मिट्टी (उच्च आर्सेनिक, यूरेनियम और कीटनाशक)।
- इन मरीजों को भटिंडा से बीकानेर ले जाने वाली ट्रेन को ''कैंसर ट्रेन'' के रूप में भी जाना जाता है।

### 2. अनंगताल

**खबरों में क्यों** – संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनंगताल झील को राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया गया।

**प्रमुख बिंदु** –

- यह दक्षिणी दिल्ली में स्थित है ।
- यह प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के अंतर्गत आता है।
- इसे तोमर राजा, अनंगपाल द्वितीय (1,060 ईस्वी) द्वारा बनाया हुआ माना जाता है।

### 3. एजूकेशन टाउनशिप

**खबरों में क्यों** – उत्तर प्रदेश भारत की पहली एजूकेशन टाउनशिप बनाने जा रहा है।

**प्रमुख बिंदु** –

- उद्देश्य – युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना और उन्हें विभिन्न प्रकार के पेशेवर कौशल से लैस करना।
- इसे ''सिंगल एंट्री, मल्टीपल एक्जिट'' के विचार पर विकसित किया जाएगा।
- उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के तरीके तलाशने के लिए डेलॉइट इंडिया को नियुक्त किया गया है।

## अंतरराष्ट्रीय

### 1. छात्र ऋण माफी

**खबरों में क्यों** : प्रति वर्ष $125,000 से कम आय वाले उधारकर्ताओं के लिए छात्र ऋण में $10,000 तक की राशि को जो बीडेन द्वारा कम करने का ऐलान।

**प्रमुख बिंदु** –

- संघीय छात्र ऋण की कुल राशि $1.6 ट्रिलियन से अधिक है।

### 2. यूक्रेन स्वतंत्रता दिवस

**खबरों में क्यों** – यूक्रेन ने 24 अगस्त, 2022 को सोवियत संघ से आजादी के 31 साल पूरे होने का जश्न मनाया।

**प्रमुख बिंदु** –

- पूरे यूरोप में विशाल यूक्रेनी झंडे लहराते हुए समारोह आयोजित किए गए।
- जो बिडेन ने कीव के लिए सैन्य सहायता में लगभग 3 बिलियन डॉलर का नया सहायता पैकेज प्रदान किया।

## पर्यावरण

### 1. भारत पवन ऊर्जा बाजार आउटलुक 2026

**समाचार में क्यों** – भारत में पवन ऊर्जा आउटलुक

पर तीसरा वार्षिक संस्करण जारी किया गया।

**प्रमुख बिंदु –**

- इसे द ग्लोबल विंड एनर्जी काउंसिल (GWEC) और MEC इंटेलिजेंस (MEC+) द्वारा 24 अगस्त, 2022 को जारी किया गया था।
- भारत की प्रतिबद्धता– 2030 में आधी बिजली गैर–जीवाश्म ईंधन स्रोतों से।

**मुख्य निष्कर्ष –**

- भारत अगले 5 वर्षों के भीतर 23.7 GW क्षमता और जोड़ सकता है।
- मार्च 2022 तक पवन ऊर्जा कुल स्थापित क्षमता का 37.7% थी।
- अबतक केवल 40 गीगावाट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई है (2022 तक लक्ष्य – 60 गीगावाट)।
- पवन परियोजना 2024 तक चरम पर पहुंच जाएगी। 2024 के बाद, नई परियोजनाओं के विंड–सोलर हाइब्रिड होने की संभावना है।

### 2. एचपीसीएल के गोबर से कंप्रेस्ड बायोगैस

**खबरों में क्यों** – हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने गाय के गोबर से सीबीजी संयंत्र का विकास शुरू कर दिया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- स्थान – जालोर , राजस्थान।
- यह एक 'अपशिष्ट–से–ऊर्जा' संयंत्र है जो बायोगैस बनाने के लिए प्रतिदिन 100 टन गोबर का उपयोग करता है।
- इसे गोबर–धनयोजना (2018) के तहत विकसित किया जा रहा है ।

## पुरस्कार और सम्मान

### 1. 75वीं वर्षगांठ पर डाक टिकट

**खबरों में क्यों** – मिश्र–भारत संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर मिश्र ने स्मारक डाक टिकट जारी किए।

**प्रमुख बिंदु –**

- मिश्र ने 18 अगस्त 1947 को भारत की स्वतंत्रता को मान्यता दी थी।
- मिश्र और भारत ने 1955 में एक मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

### 2. लिबर्टी मेडल 2022

**खबरों में क्यों है** – लिबर्टी मेडल यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को दिया जाएगा।

**प्रमुख बिंदु –**

- ज़ेलेंस्की रोनाल्ड रीगन फ्रीडम अवार्ड और जॉन एफ कैनेडी प्रोफाइल इनकरेज अवार्ड जैसे पुरस्कारों को भी प्राप्त कर चुके हैं।
- अन्य प्राप्तकर्ता – रूथ बेडर गिन्सबर्ग, एंथोनी कैनेडी, सेन जॉन मैक्केन, प्रतिनिधि जॉन लुईस और मलाला यूसुफजई।

### 3. पुलित्जर पुरस्कार 2022

**खबरों में क्यों** – बांग्लादेश में जन्मी फहमीदा अजीम को पुलित्जर पुरस्कार 2022 के लिए चुना गया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- उन्हें इलस्ट्रेटेड रिपोर्टिंग और कमेंट्री की श्रेणी के तहत इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।
- वह इनसाइडर पत्रिका के एंथोनी डेल कर्नल, जोश एडम्स और वॉल्ट हिक्की सहित 4 पत्रकारों में शामिल हैं।
- उन्हें चीन द्वारा उइगरों के उत्पीड़न पर उनके काम के लिए चुना गया था।
- "मैं एक चीनी नजरबंदी शिविर से बच गया" में फहमीदा अजीम के द्वारा भी कुछ चित्रण किया गया हैं।

## समझौता

### 1. IREDA और MAHAPREIT

**खबरों में क्यों** – इरेडा और महाप्रीत ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऋण प्रदान करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## चर्चित स्थान

### 1. डायनासोर वैली स्टेट पार्क (टेक्सास, यूएसए)

**समाचार में क्यों** – गंभीर सूखे की स्थिति ने टेक्सास में पलक्सी नदी के नीचे डायनासोर के चिन्हों को उजागर किया है।

**प्रमुख बिंदु –**

- ये चिन्ह प्रत्येक अंग पर तीन पैर की उंगलियों और पंजे के साथ एक्रोकैंथोसॉरस से संबंधितहैं।
- पैरों के निशान एक तलछटी चट्टान पर पाए गये हैं जिसे ग्लेन रोज फॉर्मेशन कहा जाता है।
- इसी तरह के निशान ब्रिटिश कोलंबिया और दक्षिण अमेरिका में पाए गए हैं।

### 2. यांग्त्ज़ी नदी में बौद्ध मूर्ति

**खबरों में क्यों** – यांग्त्ज़ी नदी के गिरते जल स्तर ने बौद्ध मूर्तियों का खुलासा किया है।

**प्रमुख बिंदु** –

- ये फोयेलियांग नामक द्वीप चट्टान के उच्चतम भाग पर पाए गए हैं।

## राज्य/संघ राज्य क्षेत्र

### 1. केरल टैक्सी सेवा

**खबरों में क्यों** – भारत की पहली सरकारी स्वामित्व वाली ऑनलाइन टैक्सी सेवा "केरल सवारी" केरल में शुरू हुई।

**प्रमुख बिंदु** –

- यह देश में किसी भी राज्य सरकार की पहली ऐसी पहल है।
- केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने पायलट आधार पर तिरुवनंतपुरम में यह पहल की शुरुआत की।

## बिहार

### 1. विधानसभा में विश्वास मत

**खबरों में क्यों** – बिहार में नई महागठबंधन सरकार ने 24 अगस्त 2022 को आसानी से विश्वास मत जीत लिया ।

**प्रमुख बिंदु** –

- सरकार ने 160 मतों के साथ विश्वास प्रस्ताव जीता ।
- 243 सदस्यीय विधानसभा में सभी 7 गैर–भाजपा दलों ने सरकार के पक्ष में मतदान किया। 4 विधायक अनुपस्थित रहे।
- सत्र की अध्यक्षता डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी ने की ।
- फ्लोर टेस्ट से पहले बीजेपी के विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- जद (यू) के नरेंद्र नारायण यादव ने फ्लोर टेस्ट की अध्यक्षता की।

### 2. साहित्य अकादमी पुरस्कार

**खबरों में क्यों** – मधुबनी के डॉ. वीरेंद्र झा ( मैथली ) को साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार उनकी पुस्तक ''उड़ान –चू'' के लिए मिला।

**प्रमुख बिंदु** –

- जफरक माली को ''हौसलो की उड़ान'' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार (उर्दूभाषा) मिला ।
- नव कृष्णा अहीक को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार खुरचन भाई कछमाछी के लिए मिला (व्यंग्य संग्रह)।

### 3. ग्रीन लॉकडाउन

**खबरों में क्यों** – प्रकृति की रक्षा और हरियाली को बचाने के लिए, बगहा (बिहार) में आदिवासियों ने 48 घंटे का हरित लॉकडाउन लगाया।

**प्रमुख बिंदु** –

- 400 साल पुराने इस रिवाज को 'बरना उत्सव' के नाम से जाना जाता है।
- इस बार 'बरना' उत्सव 30 अगस्त से 22 सितंबर तक मनाया जाएगा।

◆◆◆

# करेंट अफेयर्स एक नजर

## 25 अगस्त 2022

PERFECTION IAS

/PerfectionIAS

## Important Takeaways

- 12वें भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान फिल्म महोत्सव का आयोजन 22–26 अगस्त तक किस शहर में हो रहा है – **भोपाल**
- भारत ने किसे यूनाइटेड किंगडम में अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया है – **विक्रम दोराई स्वामी ।**
- अगस्त 2022 में कौन सा देश एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी कर रहा है – **उज्बेकिस्तान।**
- अपनी तरह की पहली समग्र इंडोर शूटिंग रेंज (CISR) का उद्घाटन किस भारतीय नौ सेना जहाज (INS) द्वारा किया गया – **INS कर्ण**
- किस कंपनी ने 1,000 हरित ऊर्जा उद्यम शुरू करने के लिए सिडबी के साथ भागीदारी की है – **टी पी रिन्यूएबल माइक्रोग्रिड (टीपीआरएमजी)**
- सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सभी पुरस्कारों को एक मंच पर लाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कौन सा पोर्टल लॉन्च किया गया है – **राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल।**
- एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने अपने भुगतान समाधानों की स्वीकृति का अंतर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए पे एक्सपर्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किस देश में किए हैं – **यूनाइटेड किंगडम।**
- किस देश में सेना ने कर्नल अब्दुलायमाईगा को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है – **माली।**
- ऑफिस फॉर नेशनल स्टैटिस्टिक्स (ONS) के अनुसार, किस देश ने COVID–19 महामारी के कारण 300 से अधिक वर्षों में उत्पादन में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की है – **यूनाइटेड किंगडम**
- गन्ने के कचरे से चीनी के विकल्प 'ज़ाइलिटोल' के उत्पादन की नई विधि किसने विकसित की है – **IIT गुवाहाटी।**

103, KUMAR TOWER, BORING RD. CROSSING PATNA
More information call us 9155090871/72/73
www.perfectionias.com
VISIT OUR WEBSITE